निविदा संख्या वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 2152

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
कार्यालय निदेशक जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश
(विविध प्रशासन अनुभाग)

लेखराज मार्केट-III, इन्दिरानगर
लखनऊ : 226016.
दिनांक: सितम्बर 18, 2012.

-:: विज्ञप्ति ::-

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0लखनऊ द्वारा नव निर्मित कार्यालय भवन सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ में ई. पी. ए. बी. एक्स स्थापित करवाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदा दाता अपनी निविदा बिलम्तम दिनांक 26. 9. 2012 शांय तीन बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लेखराज डालर भवन इन्दिरा नगर लखनऊ में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं । निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय लेखराज मार्केट-III, इन्दिरानगर लखनऊ से रू0100/- (रूपया एक सौ) मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 25. 9. 2012 शांय 5=00 बजे तक ~~प्रेषित~~ किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10=00 बजे से 1=00 बजे एवं 1=30 बजे से शांय 5=00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है । निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नही होगा । निविदा फार्म वेवसाइट संख्या www.Censusindia.gov.in(Tender) से भी डाउन लोड किया जा सकता है ।

निदेशक

दूरभाष संख्या 2355211, 2341102
फक्स संख्या 2311442

निविदा संख्या :वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 2152

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
कार्यालय निदेशक जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश
(विविध प्रशासन अनुभाग)

लेखराज मार्केट-III, इन्दिरानगर
लखनऊ : 226016.
दिनांक: सितम्बर 18, 2012.

-:: निविदा आमंत्रण ::-

अवगत कराना है कि जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 के नव निर्मित कार्यालय भवन सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ में सरकारी कार्य हित में ई.पी.ए.बी, एक्स संलग्न विवरणानुसार लगवाया जाना प्रस्तावित है । जिसके क्रय हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदा दाता अपनी निविदा विलम्बतम दिनांक 26.9.2012 शांय तीन बजे तक संलग्न प्रारूप पर जनगणना कार्य निदेशालय, लेखराज डालर भवन इन्दिरा नगर लखनऊ में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं । निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार नही होंगी । प्राप्त निविदायें दिनांक 26.9.2012 को शांय 5=00 बजे निविदा दाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष इस निदेशालय की क्रय समिति के द्वारा खोली जावेंगी । निविदा के सम्बन्ध में नियम व शर्तें निम्नवत् लागू रहेंगी :-

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंकर्स चेक/डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर/बैंक गारन्टी रू0 7500=00 मात्र (जो आहरण एवं वितरण अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो) संलग्न करना अनिवार्य है ।
2. प्रथम न्यूनतम दर वाली फर्म की ई.एम.डी. कार्य पूर्ण होने तक जमा रहेगी तथा अन्य फर्मो की ई.एम.डी. न्यूनतम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने की तिथि तक जमा रहेगी ।
3. निविदा में दी गई दरें एक वर्ष के लिए मान्य होंगी ।
4. ई.पी.ए.बी. एक्स की दर शब्दों एवं अंकों में लिखनी होगी ।
5. निविदा के साथ नवीनतम वाणिज्य कर/बैट/आयकर अदायगी प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
6. फर्म का पंजियन, टिन नं0 एवं पैन कार्ड की फोटो कापी संलग्न करना अनिवार्य है ।
7. निविदा दाता को जनगणना कार्य निदेशालय/केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्धसरकारी विभाग द्वारा काली सूची में न होने का स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।
8. ई.एमडी. (अर्नेस्ट मनी) पर ब्याज अथवा बैंक कमीशन का भुगतान कार्यालय द्वारा नही दिया जावेगा ।
9. सरकारी कार्यालयों/अर्द्धसरकारी कार्यालयों/प्रतिष्ठानों में पिछले तीन वर्ष में ई.पी.ए.बी. एक्स की आपूर्ति करने का प्रमाण पत्र एवं कार्यादेश की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

....2/-

10. ई.पी.ए.बी.एक्स की आपूर्ति कार्यादेश जारी होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर करनी होगी ।

11. निविदा को मान्य/अमान्य अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के पास सुरक्षित होगा ।निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के वाद-विवाद में सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ का निर्णय अन्तिम होगा जो सभी निविदा दरताओं को मान्य होगा

17-9-12

§ आर0एस0मीना §
उप निदेशक

ई.पी.ए.बी.एक्स का विवरण

= = = = = = = = = = = = = =

1. ई.पी.ए.बी.एक्स में के.टी.एस. एवं कम्प्यूटर से पूर्णत: प्रोग्रामिंग की जा सके ।
2. ई.पी.ए.बी.एक्स में 4 डिजिटल लाइन एवं 64 इनलोग लाइन होनी चाहिए तथा भविष्य में 120 लाइन तक बढ़ाने की क्षमता हो ।
3. ई.पी.ए.बी.एक्स. में काल लाइन आईडेंटिफिकेशन की भी सुविधा हो ।
4. 8 जंक्शन/इनपुट लाइन की सुविधा हो ।
5. ई.पी.ए.बी.एक्स की दरों में एम0डी0एफ0 की दरें भी अलग से अंकित हों ।
6. ई.पी.ए.बी.एक्स में काल लोगिंग की सुविधा होनी चाहिए ।
7. पुश बटन इन्स्ट्रूमेन्ट की दरें प्रथक से दी जायें ।
8. डिजिटल पुश बटन इन्स्ट्रूमेन्ट की दरें भी प्रथक से दी जायें ।

- - - - - - - - - - - - - -x- - - - - - - - - - - - - -

-:: निविदा फार्म ::-

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, भारत सरकार गृह मंत्रालय लेखराज मार्केट-III, इन्दिरानगर लखनऊ द्वारा जारी निविदा संख्या वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ई- 2152 दिनांक 18.9.2012 में निर्धारित नियम एवं शर्तों से मैं सहमत हूँ । तथा निविदा में संलग्न विवरणानुसार ई.पी.ए.बी.एक्स की दरें निम्नवत् प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

क्र. सं.	ई.पी.ए.बी.एक्स का मेक	दरें अंकों में	दरें शब्दों में

हस्ताक्षर ब.....

नाम .....

फर्म का नाम एवं पता .....
(मोहर सहित)
.....

.....